धामी ने तेल-गैस क्षेत्र में प्रगति पर जोर दिया

गैस, शोध और पर्यावरण सुरक्षा पर भी डाला प्रकाश

देहरादून (उत्तराखंड), 28 जून.उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य के ऊर्जा क्षेत्र, विशेषकर प्राकृतिक गैस और तेल में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला.

'ऑल इंडिया ऑयल सेक्टर मीट' के बाद बोलते हुए, धामी ने इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बनने के लिए अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और प्रौद्योगिकी के बीच समन्वय के महत्व पर जोर दिया. इस कार्यक्रम में देश भर के विशेषज्ञों ने भाग लिया, जो तेल और गैस क्षेत्र में चुनौतियों, अवसरों और भविष्य की दिशाओं पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है.धामी ने कहा कि प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में कई शोध परियोजनाएं और दुनिया भर के देशों के साथ साझेदारी की जा रही है, जो नवाचार और सहयोग के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद प्राकृतिक गैस और ओएनजीसी के क्षेत्र में कई शोध कार्य और दुनिया भर के देशों के साथ साझेदारी की जा रही है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, इस क्षेत्र में अच्छा काम हो रहा है. ऑल इंडिया ऑयल सेक्टर मीट का आयोजन यहां किया गया है, जिसमें देश भर के लोग भाग ले रहे हैं. अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और प्रौद्योगिकी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करके, हम इस क्षेत्र में भी एक वैश्विक शक्ति बनेंगे. इस बीच, उत्तराखंड ने पर्यावरणीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सकल पर्यावरणीय उत्पाद को मापना शुरू कर दिया है.

190 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

धामी ने देहरादून में 190 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिसमें एक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और एक स्वचालित पार्किंग प्रणाली शामिल है, ताकि शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाया जा सके और पर्यावरण के अनुकूल पहलों को बढ़ावा दिया जा सके .राज्य सरकार नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देने के लिए पंप स्टोरेज परियोजनाओं और पवन-सौर हाइब्रिड परियोजनाओं सहित विभिन्न ऊर्जा परियोजनाओं पर काम कर रही है.

लॉ कॉलेज कांड पर सियासी संग्राम

भाजपा ने ममता सरकार से माँगा इस्तीफ़ा, उठे सवाल

दुष्कर्म की घटना से पश्चिम बंगाल में राजनीति गरम

कोलकाता, 28 जून. पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे पश्चिम बंगाल में राजनीति को भी गरम कर दिया है.

इस मामले में भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर जमकर हमला बोला है. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह घटना बताती है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और ममता सरकार की कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है. मजूमदार ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राज्य में छात्राओं के साथ गंभीर अपराध हुआ हो. उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना का भी जिक्र किया जिसमें एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या हुई थी. उन्होंने दावा किया कि हालिया केस में पकड़े गए आरोपियों में एक तृणमूल कांग्रेस का छात्र नेता भी शामिल है, जो स्थिति की गंभीरता को और बढ़ा देता है.

कोलकाता गैंगरेप की जांच करेगी भाजपा

जेपी नड्डा ने बनाई चार सदस्यीय जांच समिति

कोलकाता ,28 जून.पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आरजी कर मामले के बाद एक बार फिर छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है. इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी ने मामले की निंदा की है और इसकी जांच के लिए एक समिति का गठन किया है.

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कोलकाता लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की जघन्य घटना की कड़ी निंदा की है. उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है.भाजपा द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच समिति, जांच के बाद अपनी रिपोर्ट जेपी नड्डा को सौंपेगी. इस समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री और मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सतपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, सांसद बिपलब कुमार देब और सांसद (राज्य सभा) मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं.

घटना के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. इनमें से 2 कॉलेज के छात्र हैं, जबकि एक कॉलेज का पूर्व छात्र है. इसके अलावा शनिवार को कॉलेज के एक सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा गार्ड को आज सुबह गिरफ्तार किया गया क्योंकि उसके जवाब अस्पष्ट थे और सीसीटीवी फुटेज से कॉलेज में उसकी मौजूदगी की सूचना मिली थी. अधिकारी ने बताया कि गार्ड अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहा. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस समय वह ड्यूटी पर अकेला था या नहीं. यह घटना 25 जून की शाम को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई थी.

गुजरात में मॉनसून ने मचाया तांडव

रेड अलर्ट के बीच कई शहर जलमग्न, जन-जीवन अस्त-व्यस्त

बड़ोदरा 28 जून. गुजरात में मॉनसून ने इस बार पूरी ताकत दिखाई है, जिससे सड़कें पानी से लबालब हैं, घरों में जलभराव है और सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, आज भी गुजरात के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है, जिसने पहले ही कई शहरों को डुबो दिया है.मौसम विभाग ने गुजरात के कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. सूरत, नवसारी, वलसाड और दक्षिण गुजरात के कुछ हिस्सों में 204.5 मिमी से अधिक अति भारी बारिश की चेतावनी है. सौराष्ट्र के जूनागढ़, राजकोट और कच्छ में भी भारी बारिश का अनुमान है, जहां 50-60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. अहमदाबाद, गांधीनगर और बनासकांठा जैसे मध्य और उत्तर गुजरात के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ येलो अलर्ट जारी है.

अकाली दल नेता के पीए की हत्या

लुधियाना. शिरोमणि अकाली दल के नेता जगदेव सिंह तलवंडी के पूर्व निजी सहायक कुलदीप सिंह मुंडिया की पंजाब के लुधियाना में हत्या कर दी गई. यह घटना मिसिंग लिंक 2 हाईवे के पास धांधरा रोड पर हुई.पुलिस ने बताया कि कुलदीप सिंह मुंडिया की हत्या कर दी गई है. मृतक शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व सांसद जगदेव सिंह तलवंडी के पूर्व पीऐ थे. हत्या का कारण अभी अज्ञात है और पुलिस मामले की जांच कर रही है.सदर थाना की एसएचओ अवनीत कौर ने बताया कि कुलदीप सिंह मुंडिया हाईवे पर अपनी कार में यात्रा कर रहे थे.

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR

विज्ञापन संख्या : R/05/2025 दिनांक 12 जुन, 2025

संस्थान **पोस्ट डॉक्टरल फेलो (पीडीएफ)** के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
शैक्षिक योग्यता, आयु एवं अद्यतन जानकारी के लिए http://www.iitkgp.ac.in पर जाएं।
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : **31-07-2025**

CBC 21255/12/0007/2526 — कुलसचिव/Registrar

आईएचजी का भारत में नेटवर्क और मजबूत

आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने कोलकाता न्यू टाउन में खोला नया होटल

नई दिल्ली, 28 जून. आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, जो कि दुनिया की जानी-मानी हॉस्पिटैलिटी कंपनी है, ने न्यू टाउन होटल की शुरुआत की है। यह होटल कोलकाता के राजारहाट इलाके के न्यू टाउन में खोला गया है, जो आईटी और बिज़नेस के लिए मशहूर है। यह होटल खासतौर पर आज के समय के यात्रियों को आराम और सुविधा देने के लिए बनाया गया है। होलीडे इनन होटल ब्रांड हमेशा से स्मार्ट और आसान यात्रा का अनुभव देने के लिए जाना जाता है। इस नए होटल में 113 स्टाइलिश कमरे हैं, जो ज़रूरी सुविधाओं के साथ बिना किसी परेशानी के ठहरने का अनुभव देते हैं ताकि मेहमान खुद को तरोताज़ा और तैयार महसूस कर सकें।

होटल में मेहमानों को एक्सप्रेस स्टार्ट ब्रेकफास्ट दिया गया, जो उनके ठहराव में शामिल था - जिसमें हल्के से लेकर भरपूर खाने तक के ऑप्शन थे। जल्दी में निकलने वालों के लिए ग्रेव एंड गो ब्रेकफास्ट की सुविधा भी थी। साथ ही, मुफ्त हाई-स्पीड वाईफाई और 24 घंटे खुला फिटनेस सेंटर मेहमानों को जुड़े रहने और फिट रहने की सुविधा देता है। हर कमरे में ब्लैकआउट परदे, आरामदायक बिस्तर, और फ्रेश पावर शावर जैसी सुविधाएं दी गईं ताकि अच्छी नींद ली जा सके। काम करने और आराम करने दोनों के लिए कमरे में फ्लैट स्क्रीन टीवी, कंटेंट मिररिंग, और कई यूएसबी पोर्ट्स भी दिए गए।

सुदीप जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ वेस्ट एशिया, आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने कहा- हमें कोलकाता के न्यू टाउन में होलीडे इनन एक्सप्रेस लॉन्च करने की खुशी है।

एक्सप्रेसवे पर बस हादसा, 3 मृत

डबल डेकर बस ट्रक से टकराई

फिरोजाबाद 28 जून.उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नगला खंगर क्षेत्र के तहत शनिवार सुबह दिल्ली से जालौन जा रही प्राइवेट डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी .दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है, तीन गंभीर घायल है

.घायलों को इलाज के लिए सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया है.थाना नगला? खंगर क्षेत्र के तहत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ? शनिवार को सुबह दिल्ली से चलकर जालौन को जा रही डबल डेकर बस माइलस्टोन 68 के समीप आगे चल रहे मार्बल से लदे ट्रक?? में पीछे से टकरा गयी. दुर्घटना होने के साथ ही बस में चीख पुकार मच गई ,कुछ सवारियां अगले हिस्से में नीचे जाकर गिर गई.दुर्घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस और यूपीडा टीम मौके पर पहुंच गई.गंभीर घायलों को सैफई पी जी आई भेजा गया. बाकी मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्रियों के साथ दूसरे वाहन से आगे के लिए रवाना कर दिया गया.सी ओ अनिमेष कुमार ने जानकारी दी है कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है जिसमें विजेंद्र कुमार उर्फ पप्पू उम्र 53 वर्ष निवासी पश्चिम विहार दिल्ली तथा उदय भान उम्र 52 वर्ष निवासी किसनी मैनपुरी की पहचान कर ली गई है और परि जनों को सूचित कर दिया गया है जबकि एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है.

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, इंदौर संभाग क्र.1
जी-13, प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे इंदौर, दूरभाष : 9425601536

निविदा सूचना क्र. 03/2025-26

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इंदौर संभाग क्र.1, इंदौर द्वारा 50 बिस्तर सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य (अपूर्ण कार्य), कनाड़िया, इंदौर, अनुमानित लागत रु. 3.33 करोड़ हेतु निविदा क्र. (2025_MPPHC_433796) आमंत्रित की गई है।
निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 12.07.25 को 17.00 बजे तक खरीदे व प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/120871/2025 — **परियोजना यंत्री**

आज का इतिहास

- 1444 सिकंदर बेग ने ऑटोमन साम्राज्य की सेना को हराया.
- 1613 विलियम शेक्सपियर के ग्लोब थियेटर में आग लगी.
- 1855 डेली टेलीग्राफ अखबार का लंदन में प्रकाशन.
- 1864 कनाडा में रेलवे दुर्घटना में 90 लोग मारे गए.
- 1893 प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद पी. सी. महालनोबिस का जन्म.
- 1905 ब्रिटेन में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन की स्थापना हुयी.
- 1988 राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका गवरी देवी का निधन.
- 1997 विश्वनाथन आनंद ने जर्मनी में फ्रैंकफर्ट चैस क्लासिक टूर्नामेंट जीता.
- 2012- पराग्वे के राष्ट्रपति फर्नान्डो लुगो पर महाभियोग चलाकर पद से हटाया गया और फेडेरिको फ्रांको नये राष्ट्रपति बने.

नरसिम्हा राव की जयंती पर खरगे ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव को उनकी 104 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की.खरगे ने कहा, हम पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. उनकी सरकार की दूरगामी आर्थिक उदारीकरण नीतियों ने अभूतपूर्व राष्ट्रीय विकास के युग को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. ये सुधार मध्यम वर्ग के उत्थान और विस्तार में महत्वपूर्ण थे जिसने अधिक मजबूत और लचीले भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी.कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राव के कार्यकाल में भारत के परमाणु कार्यक्रम में महत्वपूर्ण प्रगति हुई और विदेश नीति के स्तर पर कई दूरदर्शी प्रयासों की शुरुआत भी हुई, जिनमें सबसे उल्लेखनीय लुक ईस्ट नीति थी.

यूको बैंक UCO BANK
(A Government of India Undertaking)

आंचलिक कार्यालय, 380-381, साकेत नगर, इंदौर (म.प्र.)
फोन: 0731-2438331, 2438305, 9425486446,
फैक्स: 2438304, email: zo.indore@ucobank.co.in

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना
ई-नीलामी दिनांक 31.07.2025

(सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत)
सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002 के अर्न्तगत
सम्पत्ति के विक्रय की सार्वजनिक सूचना ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.07.2025 को सांयकाल 4 बजे तक या उसके पूर्व अचल सम्पत्ति की बिक्री जो बैंक के पास बंधक है
सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002

जबकि **युको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा धारा 13 (2) व सिक्युरिटायजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002 के अन्तर्गत सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। बैंक कि बकाया राशि ब्याज सहित हेतु निम्न सम्पत्तियों को **जहाँ है जैसी है, जैसी है वैसी है, जो कुछ भी है, बिना संसाधन** के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ऋणी द्वारा बैंक का बकाया मय ब्याज के चूकाने मे असफल होने के कारण अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सरफेसी अधिनियम 13 (4) के अन्तर्गत सम्पत्ति की ई-नीलामी वेबसाइट द्वारा की जानी है।

क्रं.	शाखा	ऋणियों के नाम	ऋणी के खाते में बकाया राशि (₹)	सूचना दिनांक एवं आधिपत्य दिनांक	स्वायत शासी संस्थाओं का बकाया	संपत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य यथा / बयाना राशि	ईएमडी खाता क्रं., शाखा एवं आईएफएससी कोड क्रं.	ई-नीलामी की दिनांक एवं समय
1.	खण्डवा शाखा	श्री संतोष प्रजापती पिता लाछीराम प्रजापती	2,01,127 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	19.08.21 / 15.12.21	पता नहीं	संपत्ति के सभी प्रमुख अंग प्लाट नं. 31, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड नं. 13, ग्राम पंधाना, तहसील पंधाना, जिला खण्डवा (म.प्र.) पर स्थित संपत्ति, रजिस्टर्ड सेल डीड नं. ए1/563, दिनांक 01.01.2010 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस खण्डवा, जिला खण्डवा (म.प्र.), **चर्तु:सीमा: उत्तर:** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की भूमि, **दक्षिण:** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की सड़क, **पूर्व:** रामु भील का प्लाट, **पश्चिम:** बसंतीबाई भील का मकान	रु. 16.92 लाख / रु. 1,69,200	22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283	31.07.2025 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार)
2.	खण्डवा शाखा	मेसर्स अनील होजयरी, प्रो.: श्री अनील कुमार अरतानी	4,51,280.54 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	23.10.24 / 06.01.25	पता नहीं	दुकान नं. एलजी-06, नीचली तल मंजिल, मधुसुदन टॉवर (वार्ड नं. 18, रामगंज वार्ड, विनायकराव जोशी गली), ब्लॉक नं. 43, प्लाट नं. 251, खण्डवा (म.प्र.), क्षेत्रफल: 120 वर्गफीट, **चर्तु:सीमा: उत्तर:** दुकान नं. 7, **दक्षिण:** 8 फीट चौड़ा कॉमन पेसेज, **पूर्व:** दुका नं. 05, **पश्चिम:** भारती जैन का बाड़ा	रु. 19.44 लाख / रु. 1,94,400	22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283	31.07.2025 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार)
3.	खण्डवा शाखा	श्री दीपक कुमार चौधरी जमानतदार: श्रीमती चम्पा बाई चौधरी	29,30,774.24 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	19.03.24 / 06.06.24	पता नहीं	संपत्ति के सभी प्रमुख अंग पटवारी हल्का नं. 62/99, खसरा नं. 493, ग्राम बोरगांव खुर्द, आर.एन.एम. खण्डवा-2, तहसील खण्डवा, जिला खण्डवा (म.प्र.) पर स्थित संपत्ति, **क्षेत्रफल: 1000 वर्गमीटर, मालिक: श्री दीपक कुमार चौधरी,** वाईड रजिस्टर्ड सेल डीड नं. ए-1/6817 दिनांक 01/01/2012, **चर्तु:सीमा: उत्तर:** आम रास्ता, **दक्षिण:** बावरिया भिलाई की भूमि, **पूर्व:** रामलाल भिलाई की भूमि, **पश्चिम:** बावरिया भिलाई की भूमि	रु. 51.03 लाख / रु. 5,10,300	22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283	31.07.2025 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार)
						संपत्ति के सभी प्रमुख अंग मकान नं. 3, गायत्री कॉलोनी, प्लाट नं. 165/1 का दक्षिण साईड का भाग, खसरा नं. 265/23 एवं 265/34, शीट नं. 07, लालचौकी वार्ड 35, खण्डवा 450001पर स्थित संपत्ति, **क्षेत्रफल: 630 वर्गफीट बिल्ट-अप क्षेत्रफल: 945 वर्गफीट,** स्वीकृत नक्शे के अनुसार, **मालिक: श्रीमती चम्पा बाई चौधरी,** वाईड रजिस्टर्ड सेल डीड नं. ए-1/2300 दिनांक 30/01/1980, **चर्तु:सीमा: उत्तर:** उशाबाई का प्लाट, **दक्षिण:** हरिशंकर का प्लाट, **पूर्व:** 20 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** 15 फीट सड़क	रु. 17.74 लाख / रु. 1,77,400		
4.	ग्राम पिपलियाहाना शाखा, इन्दौर	श्री सुरज दास बैरागी (प्रो: मेसर्स सन एग्रोटेक)	1,99,98,974.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	11.02.25 / 17.04.25	पता नहीं	**संपत्ति 1:** 305 एवं 306 पर स्थित व्यवसायिक फ्लेट, असावा चेम्बर, तीसरी मंजिल, प्लाट नं. 14, स्नेह नगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, आईडीए स्कीम नं. 31, सपना संगीता रोड, इन्दौर 452001, सुपर बिल्टअप **क्षेत्रफल 558.80 वर्गफीट,** मालिक: श्री सुरजदास बैरागी, रजिस्टर्ड वाईड सेल डीड MP179132023AI2088197 दिनांक 05.07.2023, सब रजिस्ट्रार ऑफिस इन्दौर, **चर्तु:सीमा: पूर्व:** अन्य बिल्डिंग, **पश्चिम:** कॉमन पेसेज, **उत्तर:** कॉमन सिढ़ी, **दक्षिण:** फ्लेट नं. 307	रु. 39.72 लाख / रु. 3,97,200	22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283	31.07.2025 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार)
						संपत्ति 2: 307 पर स्थित व्यवसायिक फ्लेट, असावा चेम्बर, तीसरी मंजिल, प्लाट नं. 14, स्नेह नगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, आईडीए स्कीम नं. 31, सपना संगीता रोड, इन्दौर 452001, सुपर बिल्टअप **क्षेत्रफल 550.50 वर्गफीट,** मालिक: श्री सुरजदास बैरागी, रजिस्टर्ड वाईड सेल डीड MP179132023A12088099 दिनांक 05.07.2023, सब रजिस्ट्रार ऑफिस इन्दौर, **चर्तु:सीमा: पूर्व:** अन्य बिल्डिंग, **पश्चिम:** फ्लेट नं. 308, **उत्तर:** फ्लेट नं. 306, **दक्षिण:** कॉमन पेसेज उसके बाद सड़क	रु. 35.58 लाख / रु. 3,55,800		
5.	महू शाखा	मेसर्स श्री मुकाम्बिका मोबाईल, प्रो.: श्री लोकेश वर्मा पिता मदनलाल वर्मा जमानतदार: 1. श्रीमती निर्मला पति श्री लोकेश वर्मा, 2. श्रीमती मंगीबाई पति श्री मदनलाल	49,43,650.23 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	25.11.24 / 05.04.25	पता नहीं	**1.** प्लाट नं. 10, सेक्टर-बी, विवेकानंद नगर कॉलोनी, ग्राम गवली पलासिया, तहसील महू, जिला इन्दौर (म.प्र.), **क्षेत्रफल: 3000 वर्गफीट, मालिक: श्रीमती मांगी बाई पति मदनलाल** के पास पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25.03.2008 डीड नं. 1ए/1999 उप रजिस्ट्रार कार्यालय महू, जिला इन्दौर (म.प्र.) 453441 में पंजीकृत है। **चर्तु:सीमा: उत्तर:** बैक लेन 3 फीट चौड़ी, **दक्षिण:** कॉलोनी रोड, **पूर्व:** प्लाट नं. 9, **पश्चिम:** प्लाट नं. 11	रु. 22.50 लाख / रु. 2,25,000	22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283	31.07.2025 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार)
						2. प्लाट नं. 384, भोजपुरी कॉलोनी एनएक्स का ईएम, ग्राम काली बिल्लोद, तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर (म.प्र.), **क्षेत्रफल: 525 वर्गफीट, मालिक: निर्मला वर्मा पति लोकेश वर्मा** के पास पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 11.01.2013 डीड नं. 1ए/1696 उप रजिस्ट्रार कार्यालय महू, जिला इन्दौर (म.प्र.) 453441 में पंजीकृत है। **चर्तु:सीमा: उत्तर:** प्लाट नं. 385, **दक्षिण:** प्लाट नं. 383, **पूर्व:** कॉलोनी रोड, **पश्चिम:** प्लाट नं. 380	रु. 7.35 लाख / रु. 73,500		
						3. प्लाट नं. 385, भोजपुरी कॉलोनी एनएक्स का ईएम, ग्राम काली बिल्लोद, तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर (म.प्र.), **क्षेत्रफल: 525 वर्गफीट, मालिक: निर्मला वर्मा पति लोकेश वर्मा** के पास पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 11.01.2013 डीड नं. 1ए/1697 उप रजिस्ट्रार कार्यालय महू, जिला इन्दौर (म.प्र.) 453441 में पंजीकृत है। **चर्तु:सीमा: उत्तर:** प्लाट नं. 386, **दक्षिण:** प्लाट नं. 384, **पूर्व:** कॉलोनी रोड, **पश्चिम:** प्लाट नं. 381	रु. 7.35 लाख / रु. 73,500		

आनलाईन निविदा/नीलामी की नियम व शर्तें: (1) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट **https://baanknet.com** देखें (बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए और ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए भी)। **(2)** इच्छुक बोलीदाता के पास एक स्वयं की वैध सक्रिय ई-मेल आईडी और पैन होना चाहिए। **(3)** अपसेट प्राईस/रिजर्व प्राईस की 10% (ईएमडी राशि) राशि सर्विस प्रोवाइडर द्वारा बनाये गये वर्चुअल वॉलेट में भेजी जाना चाहिये और बकाया राशि निविदा फार्म मे स्पष्ट रुप से दर्शाई जाना चाहिए। **(4)** अधोहस्ताक्षरी के पास पूर्ण अधिकार है की वह बिना किसी पूर्व सूचना के एवं बिना कोई कारण बताएं किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या स्थगित/रद्द करने का बिक्री की किसी भी नियम व शर्तों को बढ़ाने/संशोधित करने का अधिकार है। **(5)** बिक्री सरफेसी संशोधित अधिनियम/नियम 2002 और शर्तों में निर्धारित शर्तों के अधीन है। **(6)** बैंक द्वारा निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य करने के उपरांत 25% प्रतिशत राशि (प्राथमिक राशि ईमएडी सहित) उसी दिन या अगले कार्यदिवस तक बैंक के **खाता संख्या 22830210001462, यूको बैंक, आनंद बाज़ार शाखा, आईएफएससी कोड UCBA0002283** के खाते में आरटीजीएस/एनईएफटी/मनी ट्रांन्सफर द्वारा जमा करनी होगी। **(7)** सफल बोलीकर्ता को अपने पक्ष में बिक्री की पुष्टि होने के 15 दिनो के भीतर बिड की बकाया राशि जमा कराना होगी यदि सफल बोलीकर्ता अपनी बकाया राशि उस अवधि के भीतर जमा करने में विफल होता है तो उस परिस्थिति में सम्पत्ति का पून: विक्रय किया जावेगा। ऐसी स्थिति में उसके द्वारा जमा कि गई राशि जब्त कर ली जावेगी। इसके अतिरिक्त उसे सम्पत्ति पर या उस सम्पत्ति पर दावा करने का कोई अधिकार नही होगा जिसे फिर से बेची गई है। **(8)** सम्पत्ति का निरीक्षण पूर्व अनुमति लेकर **दिनांक 28.07.2025 को प्रात: 10.00 बजे से सांयकाल 4.00 बजे** के बीच किया जा सकता है। सम्पत्ति सम्बन्धी अन्य जानकारी या विवरण के लिए **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक, आंचलिक कार्यालय, इन्दौर, फोन नं.: 0731-2438331, 2438305** से संपर्क किया जा सकता है। **(9)** यदि बिक्री 30 (तीस) दीनों की अवधि के लिये स्थगित की जाती है तो बिक्री की कोई नई शर्तें नहीं होगी। **(10)** बोलीकर्ता को नीलामी में भाग लेने के पूर्व सेवा प्रदाता के पोर्टल/वेबसाइट (अर्थात, **https://baanknet.com**) पर जाने की सलाह दी जाती है। नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व सभी बोलीकर्ताओं को बिक्री के नियम व शर्तों को ठीक तरह से पढ़ने व समझने की सलाह दी जाती है। नीलामी सुरक्षित लेनदार बैंक की पुष्टि के अधिन है। विवाद की स्थिति में अंग्रेजी शब्द में लिखित अखबार को मान्य किया जायेगा।

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 29.06.2025 — **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक**